बिहार सरकार

**शिक्षा विभाग**

पत्रांक : 11/मु0 9–163/2019...... पटना, दिनांक.....................

सेवा में,

**महालेखाकार,** (लेखा एवं हकदारी),
बिहार, पटना।

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

द्वारा : वित्त विभाग।

विषय : **राजकीयकृत माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं प्रोजेक्ट कन्या माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के स्वीकृत शिक्षकेत्तर कर्मियों, यथा– लिपिक के 1172 रिक्त पदों एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों (आदेशपाल) के 1129 रिक्त पदों को प्रत्यार्पित करते हुए नियत वेतन पर क्रमशः 16,500/– एवं 15,200/– प्रतिमाह पर विद्यालय सहायक के 1172 एवं विद्यालय परिचारी के 1129 पद सृजित करने के संबंध में।**

**आदेश : स्वीकृत।**

उपर्युक्त विषयक कहना है कि राजकीयकृत माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं प्रोजेक्ट कन्या माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के स्वीकृत शिक्षकेत्तर कर्मियों, यथा– लिपिक के 1172 रिक्त पदों एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों (आदेशपाल) के 1129 रिक्त पदों को प्रत्यार्पित करते हुए नियत वेतन पर क्रमशः 16,500/– एवं 15,200/– प्रतिमाह पर विद्यालय सहायक के 1172 एवं विद्यालय परिचारी के 1129 पद सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विभागीय संकल्प संख्या–1128 दिनांक–21.08.2020 के तहत विद्यालय सहायक एवं विद्यालय परिचारी के पद के सृजन एवं नवसृजित पदों पर नियोजन आदि के संबंध में निम्नांकित निर्णय लिए गए हैं :–

(i) राजकीयकृत माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं प्रोजेक्ट कन्या माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकेत्तर कर्मियों यथा लिपिक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी (आदेशपाल) का पद (संवर्ग) तत्काल प्रभाव से मरणशील होगा।

(ii) इस संवर्ग के लिपिक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी (आदेशपाल) के रिक्त पद एवं भविष्य में रिक्त होने वाले पद क्रमशः विद्यालय सहायक एवं विद्यालय परिचारी के पद के रूप में समपरिवर्तित हो जायेंगे।

(iii) लिपिक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी (आदेशपाल) के वर्तमान में रिक्त पदों एवं सेवानिवृति/ मृत्यु/पद त्याग या अन्य कारणों से होने वाली रिक्तियों को प्रत्येक पंचांग वर्ष की समाप्ति अर्थात प्रत्येक वर्ष के 31 दिसम्बर को विद्यालय सहायक एवं विद्यालय परिचारी के रूप में नियोजन हेतु प्रत्यार्पित मानते हुए स्वीकृत माना जाएगा। परन्तु वर्त्तमान में प्रवृत बिहार राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय (सेवाशर्त) नियमावली, 1983 (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधान के आलोक में वर्ग–IV (आदेशपाल) से वर्ग–III (लिपिक) के पद पर प्रोन्नति हेतु आरक्षित 15 प्रतिशत पदों को प्रोन्नति हेतु सुरक्षित रखा जाएगा। भविष्य में वर्ग–IV (आदेशपाल) के पद पर कार्यरत सभी कर्मियों की सेवानिवृति/प्रोन्नति/ पदत्याग/मृत्यु /सेवामुक्ति के उपरांत उक्त सुरक्षित पद को भी प्रत्यार्पित मानते हुए वह पद विद्यालय सहायक के पद पर नियोजन हेतु उपलब्ध होगा।

(iv) बिहार सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित नियमावली के तहत जिला परिषद् एवं नगर निकाय यथा नगर पंचायत, नगर परिषद् एवं नगर निगम के अधीन राजकीयकृत माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं प्रोजेक्ट कन्या

माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु गठित पैनल निर्माण समिति के द्वारा ही विद्यालय सहायक एवं विद्यालय परिचारी के पद पर नियोजन किया जाएगा। इस प्रकार उक्त दोनों पद पर नियोजन हेतु सक्षम नियुक्ति प्राधिकार वही होगा जो संबंधित जिला परिषद् एवं नगर निकाय यथा नगर पंचायत, नगर परिषद् एवं नगर निगम अन्तर्गत शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु सक्षम प्राधिकार हैं।

3. राज्य के राजकीयकृत माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं प्रोजेक्ट कन्या माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के स्वीकृत शिक्षकेत्तर कर्मियों, यथा–लिपिक के 3249 पदों एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों (आदेशपाल) के 6484 पद राज्य सरकार अन्तर्गत जिला संवर्ग में स्वीकृत है। दिनांक–31.12.2019 को कट–अफ मानते हुए इन विद्यालयों में लिपिक के 1379 पदों एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों (आदेशपाल) के 1129 पद रिक्त है।

4. उक्त विभागीय संकल्प संख्या–1128 दिनांक–21.08.2020 के आलोक में इन विद्यालयों में लिपिक के रिक्त 1379 पदों अन्तर्गत 15 प्रतिशत पद यथा 207 पदों को वर्ग–III (लिपिक) के पद पर प्रोन्नति हेतु सुरक्षित रखते हुए शेष 1172 पदों को प्रत्यार्पित किया जाता है। साथ ही, चतुर्थवर्गीय कर्मियों (आदेशपाल) के 1129 रिक्त पद को प्रत्यार्पित किया जाता है। तद्नुरूप विद्यालय सहायक एवं विद्यालय परिचारी के क्रमशः 1172 पद एवं 1129 पद नियोजन हेतु स्वीकृत किया जाता है। इसका जिलावार विवरणी अनुलग्नक–I के रूप में संलग्न है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय सहायक एवं विद्यालय परिचारी के पदों को विद्यालयवार चिन्हित करते हुए समेकित रूप से पद सृजन की सूचना संबंधित नियोजन इकाई को उपलब्ध कराऐंगे।

5. संचिका संख्या–11/मु0 9–163/2019 के पृष्ठ 42/टि० पर विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

6. संचिका संख्या–11/मु0 9–163/2019 के पृष्ठ 48/टि० पर वित्त विभाग की सहमति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह०/–
**(अरशद फिरोज)**
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक: 11/मु0 9–163/2019....... पटना, दिनांक .......................
**प्रतिलिपि** : सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
**सरकार के उप सचिव**

ज्ञापांक: 11/मु0 9–163/2019....223 पटना, दिनांक 18.2.21.........
**प्रतिलिपि** : शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के सभी निदेशक/सभी जिला पदाधिकारी/सभी नियोजन इकाई के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना)/आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/2/21
**सरकार के उप सचिव**

## अनुलग्नक–I

| क्र0 | जिला का नाम | राजकीयकृत माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय (प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय सहित) में लिपिक के प्रत्यापित पदों की संख्या | राजकीयकृत माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय (प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय सहित) में विद्यालय सहायक के नवसृजित पदों की संख्या | राजकीयकृत माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय (प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय सहित) में आदेशपाल के प्रत्यापित पदों की संख्या | राजकीयकृत माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय (प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय सहित) में विद्यालय परिचारी के नवसृजित पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वैशाली | 42 | 42 | 25 | 25 |
| 2 | बेगूसराय | 53 | 53 | 21 | 21 |
| 3 | सहरसा | 16 | 16 | 4 | 4 |
| 4 | नवादा | 18 | 18 | 49 | 49 |
| 5 | पटना | 48 | 48 | 167 | 167 |
| 6 | अरवल | 17 | 17 | 20 | 20 |
| 7 | गोपालगंज | 31 | 31 | 11 | 11 |
| 8 | छपरा | 64 | 64 | 94 | 94 |
| 9 | जमुई | 32 | 32 | 25 | 25 |
| 10 | किशनगंज | 13 | 13 | 15 | 15 |
| 11 | प0 चम्पारण | 25 | 25 | 9 | 9 |
| 12 | अररिया | 15 | 15 | 15 | 15 |
| 13 | कटिहार | 13 | 13 | 4 | 4 |
| 14 | सुपौल | 24 | 24 | 17 | 17 |
| 15 | मधुबनी | 60 | 60 | 26 | 26 |
| 16 | दरभंगा | 13 | 13 | 9 | 9 |
| 17 | बक्सर | 34 | 34 | 24 | 24 |
| 18 | नालंदा | 57 | 57 | 50 | 50 |
| 19 | कैमूर | 14 | 14 | 29 | 29 |
| 20 | भोजपुर | 44 | 44 | 32 | 32 |
| 21 | मधेपुरा | 21 | 21 | 13 | 13 |
| 22 | समस्तीपुर | 55 | 55 | 5 | 5 |
| 23 | जहानाबाद | 10 | 10 | 19 | 19 |
| 24 | सिवान | 30 | 30 | 41 | 41 |
| 25 | रोहतास | 53 | 53 | 72 | 72 |
| 26 | गया | 25 | 25 | 69 | 69 |
| 27 | मुंगेर | 16 | 16 | 17 | 17 |
| 28 | भागलपुर | 27 | 27 | 14 | 14 |
| 29 | बॉका | 22 | 22 | 21 | 21 |
| 30 | पूर्वी चम्पारण | 44 | 44 | 64 | 64 |
| 31 | मुजफ्फरपुर | 61 | 61 | 32 | 32 |
| 32 | औरंगाबाद | 52 | 52 | 9 | 9 |
| 33 | खगड़िया | 19 | 19 | 10 | 10 |
| 34 | लखीसराय | 21 | 21 | 14 | 14 |
| 35 | सीतामढी | 41 | 41 | 50 | 50 |
| 36 | पूर्णियॉ | 21 | 21 | 23 | 23 |
| 37 | शिवहर | 7 | 7 | 4 | 4 |
| 38 | शेखपुरा | 14 | 14 | 6 | 6 |
| | कुल– | **1172** | **1172** | **1129** | **1129** |

18/2/21

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव